# पं0रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

Email Id- registrarprsu@gmail.com Phone No. 0771-2262540


क्रमांक / **1178 / परीक्षा / 2022** रायपुर, दिनांक **01 / 04 / 2022**

## परीक्षा केन्द्र / परीक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्रमांक एफ 3–33 / 2020 / 38–1 नवा रायपुर,अटल नगर दिनांक 28.03.2022 एवं विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक दिनांक 01.04.2022, दिन–शुक्रवार में लिये गये निर्णयानुसार पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षाएँ ऑनलाईन / ब्लैंडेड पद्धति से आयोजित की जाएगी। उक्त समस्त परीक्षाओं में घोषित समय–सारणी के अनुसार **स्नातक के नियमित / स्वाध्यायी / भूतपूर्व / पूरक (अंतिम अवसर), स्नातकोत्तर (स्वाध्यायी), डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं एक वर्षीय पाठ्यक्रम के नियमित तथा सेमेस्टर परीक्षा के नियमित / भूतपूर्व / एटीकेटी के छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे।**

उक्त समस्त परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित परीक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे **जो कि समय–समय पर विभिन्न जिलों के जिलाधीशो के दवारा कोविड–19 संक्रमण को रोकने के लिए जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अध्यधीन होगा।**

### (A) परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. छात्र प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निर्धारित उत्तर–पुस्तिका में उत्तर अपने निवास स्थान में या अपने महाविद्यालय में लिखेंगे।
2. वार्षिक परीक्षा–2021–22 में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राएँ उत्तर–पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अपने परीक्षा केंद्रों में प्रवेश–पत्र दिखाकर प्रवेश–पत्र में उल्लेखित प्रश्न–पत्रों की संख्या के बराबर उत्तर–पुस्तिका प्राप्त कर सकते हैं।
3. वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले किसी छात्र ने यदि किसी कारण से अपना प्रवेश–पत्र गुमा दिया है, तो अपने User Id & Password का उपयोग करके विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsuuniv.in से प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकता है।
4. 'ब्लैंडेड' पद्धति के परीक्षा परिणाम पर परीक्षार्थी को पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना एवं श्रेणी सुधार की पात्रता नहीं होगी।
5. सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत 'ब्लैंडेड' पद्धति से सम्पन्न परीक्षाओं के उत्तर–पुस्तिका परीक्षार्थियों को प्रदान नहीं की जाएगी।
6. यदि कोई छात्र Covid-19 से पीड़ित है, तो इसकी पूर्व सूचना अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र को लिखित में Email/Whatsapp से देंगे, जिसमें छात्र अपना पूरा विवरण का उल्लेख करेंगे, जैसे

– नाम, रोल नं., विषय, परीक्षा केंद्र का नाम, आदि। साथ ही Covid-19 की RTPCR रिपोर्ट संलग्न करेंगे।

7. परीक्षार्थी को प्रश्न–पत्र प्राप्त होने के पश्चात् प्रदान की गई निर्धारित उत्तर–पुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर स्वयं लिखना अनिवार्य होगा।

## (B) उत्तर–पुस्तिका के संबंध में

**(लॉकडाउन न होने की स्थिति में तथा राज्य शासन/संबंधित जिला प्रशासन के आदेश/दिशा–निर्देश के अध्यधीन)**

**विश्वविद्यालय के उत्तर–पुस्तिका के वितरण के संबंध में :**

1. वार्षिक परीक्षा–2021–22 में ओ.एम.आर. युक्त उत्तरपुस्तिका का वितरण छात्रों के प्रवेश–पत्र में उल्लेखित प्रश्न–पत्रों की संख्या के अनुसार प्रदान किया जाना है।
2. परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र के परीक्षण के उपरांत ही उत्तर–पुस्तिका प्रदान की जाए। उत्तर–पुस्तिका का विवरण पंजी में संधारित किया जाए।
3. उत्तर–पुस्तिका वितरण के समय वार्षिक परीक्षा के लिए निर्धारित उत्तर–पुस्तिका को ही प्रदान करें। किसी भी परिस्थिति में सेमेस्टर परीक्षा के लिए निर्धारित उत्तर–पुस्तिका का उपयोग वार्षिक परीक्षा के लिए नहीं किया जाए।
4. परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त की गई समस्त उत्तर–पुस्तिकाओं (उपयोग किए अथवा बिना उपयोग किए) को परीक्षा केंद्र में वापस करना अनिवार्य है।

## (C) प्रश्न–पत्र वितरण के संबंध में

विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारणी अनुसार परीक्षा केंद्र द्वारा Email/Whatsapp के द्वारा परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र प्रेषित करेंगे। साथ ही प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.prsu.ac.in एवं www.prsuuniv.in पर भी उपलब्ध रहेगा। अन्य निर्देश निम्नानुसार हैं :–

1. समय–सारिणी के अनुसार परीक्षा केंद्रों को प्रश्न–पत्र विश्वविद्यालय के Website (www.prsu.ac.in), केंद्राध्यक्षों के Email Id, Whatsapp, आदि पर **प्रतिदिन सुबह 07.00 बजे** अपलोड कर दिया जाएगा।
2. प्रत्येक परीक्षा केंद्र अपने परीक्षा केंद्रों में दर्ज छात्रों के Email Id/Whatsapp या महाविद्यालय के वेबसाइट के माध्यम से छात्रों को **सुबह 08.00 बजे तक प्रेषित करेंगे।** साथ ही प्रश्न–पत्रों की छायाप्रति महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करेंगे, परीक्षा केन्द्र में समस्त परीक्षार्थियों का विषयवार, कक्षावार, Whatsapp Group बना लेंगे। परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न–पत्र–

का उत्तर निर्धारित उत्तर–पुस्तिका में ही **सुबहः 08.00 बजे से 11.00 बजे तक** लिख सकेंगे।

## (D) लिखित उत्तर–पुस्तिका को परीक्षा केंद्र/महाविद्यालय में जमा करने के संबंध में

**(लॉकडाउन न होने की स्थिति में तथा राज्य शासन/संबंधित जिला प्रशासन के आदेश/दिशा–निर्देश के अध्यधीन)**

1. उत्तरपुस्तिका जमा करते समय प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर एवं तारीख का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए।
2. परीक्षार्थी निर्धारित समय में ही उत्तर–पुस्तिका ड्रॉप बाक्स अथवा निर्धारित कक्ष में जमा करेंगे।
3. परीक्षार्थीगण,परीक्षा हेतु दिए गए निर्धारित समय की समाप्ति के उपरांत उसी दिन **अपरान्ह 03.00 बजे तक** अपने प्रत्येक उत्तर–पुस्तिका को परीक्षा केंद्र/महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी लिखित उत्तर–पुस्तिका जमा करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि उत्तर–पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर उनके द्वारा लघु हस्ताक्षर एवं उत्तर–पुस्तिका के अंतिम लिखित पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर कर दिए हैं।
2. परीक्षार्थी अपने प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र में लिखित उत्तर–पुस्तिका को उसी दिन **अपरान्ह 03.00 बजे तक** अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
3. **उत्तर–पुस्तिका निर्धारित दिवस एवं समय पर जमा नहीं करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जाएगा।**

**आदेशानुसार**

1.4.22

कुलसचिव

01.04.22

पं0रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)
Email Id- registrarprsu@gmail.com
Phone No. 0771-2262540

क्रमांक 1312/परीक्षा/2022 रायपुर, दिनांक 13 /04/2022

# // अधिसूचना //

वार्षिक परीक्षा सत्र 2021–22 हेतु परीक्षा केन्द्र से परीक्षार्थियों को विषयवार प्रदत्त मुख्य उत्तर–पुस्तिका में ही सभी उत्तर लिखना होगा, परीक्षार्थियों को पूरक उत्तर–पुस्तिका प्राप्त करने या संलग्न करने की अनुमति नहीं होगा। एम.एस.सी गणित के **Operation Reserch प्रश्न–पत्र** में परीक्षार्थी आवश्यकता पड़ने पर स्वनिर्मित ए–4 साइज उत्तर–पुस्तिका का उपयोग कर सकेंगे।

आदेशानुसार

12.4.22

**कुलसचिव**

पृ0क्र0 1313/परीक्षा/2022 रायपुर,दिनांक 13/04 / 2022

**प्रतिलिपि –**

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर, (छ0ग0),
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर,492002 (छ0ग0),
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, 492002 (छ0ग0),
4. अध्यक्ष, समस्त संबंधित अध्ययनशालाएँ, पं0र0शु0वि0वि0,रायपुर,
5. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर,
6. स.कु.स.,गोपनीय/वि.क.अ.,अका./उ.कु.स.सा.प्रशा.,उ.कु.स., विकास/वित्त नियंत्रक/कम्प्यूटर केन्द्र (गोप.)/वि.वि. मुद्रणालय,
7. अधिष्ठाता,छात्र, कल्याण/संचालक,महा. विकास परिषद/संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता रांची–झारखंड/संबंधित कार्यसहायक/समायोजन प्रकोष्ठ को,
8. प्रभारी, इंटरनेट, कम्प्यूटर–विज्ञान अध्ययनशाला को –इसे वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु,
9. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,प0र0शु0वि.वि0, रायपुर को सूचनार्थ अग्रेषित,
10. सम्पादक, समस्त स्थानीय समाचार –पत्र, रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित् कि कृपया दिशा–निर्देश को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप मे प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**